www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए




dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–187 : जौनपुर, गुरुवार 28 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## दूसरे प्रदेशों से आ रहे लोगों की कोविड जांच जरूर कराएं : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व के अनेक देशों में कोविड के केस एक बार फिर बढ़ रहे हैं। देश के कई राज्यों में नए संक्रमित मिलने की संख्या में बढोतरी हो रही है। ऐसे में हमें बहुत सतर्कता–सावधानी की जरूरत है। दूसरे प्रदेशों से उत्तर प्रदेश आ रहे हर व्यक्ति की जांच जरूर की जाए। बस, रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। त्योहारों के बीच इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। कोविड प्रोटोकाल/मास्क की अनिवार्यता को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रदेशव्यापी "प्रवर्तन पखवारा" आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण की नीति के सही क्रियान्वयन से प्रदेश में कोविड पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। प्रदेश के 38 जिलों में आज एक भी संक्रमित नहीं हैं, जबकि 21 जिलों में 01–01 मरीज ही शेष हैं। बीते 24 घंटों में हुई 01 लाख 63 हजार 781 सैम्पल की जांच में 65 जिलों में एक भी नया मरीज नहीं पाया गया। केवल 10 जनपदों में कुल 11 संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 08 संक्रमित कोरोना मुक्त भी हुए। आज प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 102 है, जबकि 16 लाख 87 हजार 123 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं। उत्तर प्रदेश में अब तक 12 करोड़ 83 लाख से अधिक कोविड वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। 03 करोड़ 11 लाख 97 हजार से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड का सुरक्षा कवर प्रदान कर दिया गया है। जबकि 09 करोड़ 71 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी के 66 फीसदी लोगों ने पहली डोज प्राप्त कर ली है। दूसरे डोज के लिए पात्र लोगों को समय से टीकाकवर दिया जाए। इसे और तेज करने की जरूरत है। एक नवंबर से पहले करें वेतन भुगतान। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है। यह



सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के सभी सरकारी, अर्धसरकारी, संविदा, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के अक्टूबर माह का वेतन और मानदेय प्रत्येक दशा में 01 नवंबर तक भुगतान कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में सब्जी, खाद्य तेल, दाल आदि के मूल्य में अनापेक्षित बढ़ोतरी देखी जा रही है। जमाखोरी व कालाबाजारी इसका एक बड़ा कारक है। सघन अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, आमजन को राहत पहुंचाने के लिए अन्य उपायों पर भी गम्भीरता से विचार किया जाए। त्योहारों के दृष्टिगत अराजक तत्वों की सक्रियता बढ़ सकती है। बीते एक–दो दिनों में कुछ क्षेत्रों में लूट की घटनाएं भी घटित हुई हैं। ऐसे में पुलिस को अतिरिक सतर्कता बरतने की जरूरत हैं। शहरों में ट्रैफिक जाम की स्थिति न हो, इसके लिए फुट पेट्रोलिंग भी बढ़ाई जाए। पुलिस बल सतत गश्त जारी रखे। उन्होंने निर्देश दिया कि डेंगू, कॉलरा, डायरिया मलेरिया सहित वायरल से प्रभावित जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जाए। अस्वस्थ लोगों के उपचार के लिए सभी अस्पतालों में प्रबंध किए गए हैं। सर्विलांस को बेहतर करते हुए हर एक मरीज के स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए। बचाव के लिए व्यापक स्वच्छता, सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का कार्य सतत जारी रखें। निगरानी समितियों को एक्टिव करने की जरूरत है। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा स्वयं एक बार केजीएमयू लखनऊ के स्थलीय निरीक्षण करें।

## सर्विस रोड के फुटपाथ पर सोते समय ग्रेडर मशीन के कुचलने से दो मछुआरों की मौत : एक घायल

अमेठी ब्यूरो : अमेठी जिले में बृहस्पतिवार की सुबह बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूरे पासिन मजरे हुसेनपुर निवासी दो युवकों पर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड के फुटपाथ पर सोते समय ग्रेडर मशीन चढ़ने से मौत हो गई जबकि एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चोटिल युवक को इलाज के लिए भेज दिया है। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूरे पासिन मजरे हुसेनपुर गांव निवासी कुलदीप (16) व रामचंद्र (35) की बृहस्पतिवार को सुबह लगभग 3:30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड फुटपाथ पर सोते समय ग्रेडर मशीन के कुचलने से मौत हो गई। जबकि साथ में सो रहे एक साथी संजीत (उम्र लगभग 12 वर्ष) को भी काफी चोटें आई हैं। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोटिल संजीत को इलाज के लिए जगदीशपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल भेज दिया है जहां से स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है। दोनों मृतकों की लाश को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कुलदीप के बड़े भाई चश्मदीद प्रदीप ने बताया कि हम अपने गांव के संजीत (12) व संगम



(14) दोनों सगे भाई तथा धीरज (12) व रामचंद्र (35) मृतक कुलदीप (16) सहित 6 लोग नाले से मछली पकड़ कर गांव–गांव बेचकर अपना खर्चा चलाते थे। रात में हम 6 लोग फुटपाथ पर तीन लोग एक तरफ और 3 लोग दूसरी तरफ सोते थे। सुबह जब संजीत के चिल्लाने की आवाज आई तो हम लोग उठे तो देखा कि मेरा भाई कुलदीप व रामचंद्र की मौत हो चुकी थी। जब तक हम लोग कुछ समझ पाते तब तक ग्रेडर मशीन वाला मशीन लेकर भाग गया था। उसका कहना था कि लगभग दो माह से हम लोग यही काम प्रतिदिन करते आ रहे थे। घटना की सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना मनोज कुमार यादव भी जगदीशपुर ,कमरौली व शिवरतनगंज थाने की फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए। लोगों को समझा–बुझाकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

## भाजपा उत्तर प्रदेश की जरूरत है : 2022 में फिर बनेगी सरकार – मुख्यमंत्री

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। अब सरकारी योजनाओं का लाभ किसी की जाति व धर्म देखकर नहीं दिया जाता है। भाजपा प्रदेश की जरूरत है। 2022 के चुनाव में एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को लखनऊ के गन्ना संस्थान में आयोजित स्वर्णकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत पहचान मिली है। 2014 से पहले चीन, पाकिस्तान या अन्य कोई देश भारत के अंदर अतिक्रमण करते थे तो उस समय सभी लोग मौन बने रहते थे और कहते थे कि हमें इस अतिक्रमण का विरोध नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे हमारे संबंधों पर असर पड़ेगा लेकिन 2014 के बाद से आपने बदलते हुए भारत को देखा है। भारत की पहचान न सिर्फ वैश्विक मंच पर बनी है बल्कि भारत दुनिया में एक ताकत के रूप में उभरा है। योगी ने कहा कि यूपी आबादी में देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां कोरोना के दौरान लोगों को मुफ्त जांच, मुफ्त वैक्सीन व मुफ्त इलाज मिला है। यहां पहले गरीबों को मकान नहीं मिलता था। आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास गरीबों को मिल रहे हैं। पहले बिजली नहीं आती थी सबको बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में कानून का राज है। पहले त्योहारों के आते ही वसूली होने लगती थी अब ऐसा नहीं होता। आज सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पहले सरकार अपने व अपने परिवार के लिए जीती थी।

## एसपी क्राइम द्वारा थाना गोला के सम्पूर्ण परिसर का किया गया निरीक्षण : ली गई व्यवस्थाओं से सम्बन्धित जानकारी

गोरखपुर डीकेयू गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गौड़ : एसएसपी गोरखपुर डॉ विपिन टांडा के निर्देश पर पुलिस अधिकारी आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक बुधवार को थानों पर किया जाता है जिसमे थाने की कार्यप्रणाली सुधारने जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण अपराध नियंत्रण कम्यूनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा प्रत्येक बुधवार को जिले के चिन्हित थानो पर पूर्व निर्धारित रोस्टर के अनुसार दिन में 11 बजे से 11 बजे रात्रि तक थाने पर मौजूद रह कर फरियादियों की फरियाद अधिकारी सुनते है गोला थाना पर पुलिस अधीक्षक अपराध डॉ महेंद्र पाल सिंह ने थाने पर आए हुए फरियादियो की फरियाद को सुना और उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए पुलिसकर्मियों को आदेश दिया गोला थाने पर पुलिस चौपाल के दौरान एसपी क्राइम ने थाने परिसर का अंदर बाहर से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल किया निरीक्षण के दौरान एसपी क्राइम ने थाना परिसर में बने आवास का निरीक्षण किया महिलाओं की शिकायतो के लिए बने महिला डेस्क की जानकारी और इंतेजाम की जानकारी लिया थाने के शौचालय माल मुकदमाती आदि का निरीक्षण किया जो भी कमियां मिली उसको दुरुस्त करने का निर्देश दिया आपको बता दे कि जब से पुलिस चौपाल का आयोजन हो रहा है जनता सीधे अपनी समस्याओं को अधिकारियों से बता रही है और उसका समय से निस्तारण भी हो रहा है।

## इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णानगर पुलिस ने वाहन चोरी एवं खरीद फरोक्त करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

आर एल पाण्डेय लखनऊ । पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त मध्य, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य के कुशल पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सर्विलांश एवं पुलिस सूचना तन्त्र की मदद से दिनांक 27.10.2021 को वाहन चोरी कर बेचने व खरीदने वाले 04 नफर अभियुक्तगण 1. भानू सिंह पुत्र रवीन्द्र सिंह निवासी 551घ/175 गोविन्द गली नटखेड़ा थाना कृष्णानगर लखनऊ 2. दीपक कुमार पुत्र स्व0 अमित कुमार निवासी सब्जी मण्डी चन्दरनगर थाना आलमबाग लखनऊ लखनऊ 3. साहिल सोनकर पुत्र नरेश सोनकर निवासी 2/16 पुरानी काशीराम कालोनी थाना पारा लखनऊ 4. बसीम पुत्र नवी अहमद निवासी 551क सीपीएन गली नं0 05 आजादनगर थाना कृष्णानगर लखनऊ को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर आलोक राय ने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से चोरी की स्कूटी, साइकिल व नगदी बरामद होने के आधार पर मु0अ0सं0 457/2021 धारा 41 40प्र0सं0 व 411/414 भादवि) का



अभियोग पंजीकृत करते हुए उक्त अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।बरामदगी का विवरण– 1. एक अदद वाहन संख्याः UP32 EF 7197 सफेद रंग की स्कूटी।2. एक अदद साइकिल हीरो लाल व काला रंग। 3. कुल 160/– रूपये नगद । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव, अतिरिक्त निरीक्षक संदीप कुमार शर्मा, धीरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल पवनेश कुमार, जितेन्द्र कुमार शर्मा, देवेन्द्र कुमार, शामिल रहे।

## देश के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछली शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत देश के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करके सोशल मीडिया में वायरल करने वाले को पुलिस ने गुरुवार को हिरासत में लिया है। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व एक युवक द्वारा देश के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करके सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया था। पुलिस ने इसे संज्ञान में लेते हुए देश विरोधी शब्द बोलने वाले युवक की जाँच पड़ताल किया। तो यह युवक मछलीशहर कस्बे के सादीगंज उत्तरी का नसीम पुत्र रजई निकला पुलिस ने उसके खिलाफ मछलीशहर थाने में धारा 153इ,295 के तहत पंजीकृत किया गया। मछलीशर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया है।वहीं इस मामले में कोतवाल दिनेश प्रकाश पांडे ने बताया कि बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया था। जिस पर मामला दर्ज करके युवक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल की जा रही




है।वही इस मामले में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी मछलीशहर द्वारा बताया गया कि एक व्यक्ति जो हिंदुस्तान को गालियां दे रहा है। जिसकी पहचान मछली शहर के नसीम पुत्र रजई के रूप में हुई है। इसके खिलाफ थाने में मामला दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कर्मचारी अधिकारी शिक्षक पेंशनर एसोसिएशन के साथ कई मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया जोरदार धरना प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर कर्मचारी अधिकारी शिक्षक पेंशनर एसोसिएशन के बैनर तले जिले की विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी शिक्षक अपनी पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया ।इस दौरान काफी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी और शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट में पहुंच कर पेंशन बहाली के लिए अपनी आवाज बुलंद किया। कर्मचारियों के प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा–तफरी का माहौल बना रहा। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम लोग 2004 से ही अपने पेंशन बहाली को लेकर संघर्षरत है ।हमारी प्रमुख मांग पेंशन बहाली की है यदि सरकार हमारी बात नहीं नहीं मानती है



तो हम 30 नवंबर को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करेंगे और लखनऊ में जान भी करेंगे अब हम लोग आर–पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है ।पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हम लोग दिल्ली तक की साइकिल यात्रा भी निकाल चुके हैं समय–समय पर होने वाले प्रदर्शनों में पेंशन बहाली हमारी प्रमुख गांव होती है।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## गोरखपुर जेल में तैनात सिपाही ने चाचा को मारी गोली

गोरखपुर डीकेयू गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गौड़ : गोरखपुर जेल में तैनात सिपाही (हेड वार्डर) ने मंगलवार की रात परिवारिक विवाद में अपने चाचा को गोली मार दी। घटना के वक्त सिपाही छुट्टी लेकर अपने घर गाजीपुर गया हुआ था। घायल चाचा का वाराणसी में इलाज चल रहा है। गोली उनके पेट में लगी है। उधर, सिपाही फरार बताया जा रहा है।गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद निवासी अंकित राय ने गोरखपुर जेल में हेड वार्डर के पद पर तैनात है। वे 20 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक का आकस्मिक अवकाश लेकर अपने घर गया था। इस बीच घर पर ही उसका पारिवारिक विवाद हो गया। जहां उसने अपने चाचा को गोली मार दी। पेट में गोली लगने से अंकित के चाचा गंभीर रुप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए वाराणसी ले गए हैं। हालांकि अवकाश खत्म होने के बाद जेल में ड्यूटी जॉइन करना था,लेकिन अवकाश अवधि समाप्त होने पर भी तीन दिनों से अंकित अनुपस्थिति चल रहा है। बुधवार को जेल प्रशासन को घटना की जानकारी हुई। मृतक आश्रित कोटे में हुई थी भर्ती। अंकित की पुलिस में भर्ती मृतक आश्रित कोटे में 2012 में हुई थी। 2018 से वह आजमगढ़ जेल से ट्रांसफर होकर गोरखपुर जेल में हेड वार्डर के पद पर तैनात हैं।

## घात लगाकर बैठे मनबड़ों ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

गोरखपुर डीकेयू गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गौड़ : आए दिन नाबालिग लड़के नाबालिक होने का काफी फायदा उठा रहे हैं नाबालिक की आड़ में बड़ी बड़ी घटना को अंजाम दे दे रहे हैं। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के बेनीगंज चौकी अंतर्गत यश चतुर्वेदी उम्र 15 वर्ष पुत्र आशीष चतुर्वेदी निवासी अलीनगर दक्षिणी चौबे टोला आज सुबह रोजाना की भांति सुबह सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने गया था शाम को समय लगभग 3:50 पर छुट्टी होने पर वापस घर आ रहा था कि रास्ते में दुर्गा बाड़ी के पास एचडीएफसी बैंक के सामने घात लगाकर पहले से बैठे हर्ष विराज सोनकर, आदित्य कुमार गुप्ता पुत्र कृष्ण कुमार गुप्ता विनय कुमार पुत्र अज्ञात, रेहान यादव पुत्र अज्ञात, प्रियांशु पुत्र आज्ञात सहित पांच अज्ञात मनबढ़ो ने युवक को रोककर गाली देते लात घुसा और बेल्ट से बुरी तरह से मारना शुरू कर दिया और उसके बाद जान मारने की नीयत से चाकू से प्रहार कर दिया चाकू पिठ पर दो जगह लगा और शरीर में पेट से लेकर पीट तक कई जगह घाव बने हुए हैं युवक खुन से लथपथ होकर बुरी तरह से घायल होकर जमीन पर गिर गया और जोर से जोर से बचाने के लिए चिल्लाने लगा और जमीन पर गिर पड़ा युवक को जमीन पर गिरता देखकर राहगीर इकट्ठा हुए राहगीरों को इकट्ठा होते देख मारने वाले युवक वहां से फरार हो गए। राहगीरों द्वारा युवक के घर पर सूचना दी गई सूचना पर पहुंचे युवक के परिजन स्थानीय थाना कोतवाली पहुंच कर मारने वाले युवकों के खिलाफ लिखीत तहरीर दी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

## स्टूडेंट पुलिस कैडेट के संचालन हेतु जनपदीय अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में स्टूडेंट पुलिस कैडेट के संचालन हेतु जनपदीय अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिनमें बच्चों को नशा मुक्ति एवं अपराध के



संबंध में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को जूडो, कराटे सहित अन्य सेल्फ डिफेंस के प्रशिक्षण भी कराए जाएं, जिससे एक स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहे। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल, क्षेत्राधिकारी रणविजय सिंह, रमेश यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, रंजीत मौर्य उपस्थित रहें।

## इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पारा पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस आयुक्त लखनऊ डी०के० ठाकुर के निर्देशन मे, पुलिस उपायुक्त दक्षिणी गोपाल कृष्ण' चौधरी के मार्गदर्शन में, अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी पुणेन्दु सिंह व सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी आशुतोष कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पारा राजेश कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 पटेल राठी मय हमराही फोर्स के द्वारा अभियुक्त धर्मेंद्र सिंह पुत्र रोवेन्द्र सिंह निवासी प्रभातपुरम आलमनगर थाना तालकटोरा जिला लखनऊ उम्र करीब 46 वर्ष को मायापुरम मोड़ के पास से गिरफ्तार कर 700 ग्राम अबैध गांजा बरामद किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 509\21 धारा 8\20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक पटेल राठी, चंद्रभान सिंह आरक्षी सभाजीत शामिल रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
खुशनसीब वह है जो, सदा खुश रहकर खुशी का खजाना बांटता रहे–
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# स्वास्थ्य : मनुष्य के जीवन से जुड़ा हुआ एक हिस्सा

स्वास्थ्य यानी मनुष्य के जीवन से जुड़ा हुआ एक हिस्सा. बच्चे के जन्म से लेकर मृत्यु तक स्वास्थ्य साथ देता है यदि स्वास्थ्य में कुछ भी कमी होती है या फिर मनुष्य को कोई भी बीमारी पकड़ती है तो वह अस्पतालों में जाता है ताकि उसका स्वास्थ्य सही रहे और उसका जीवन भी सुख में चलता रहे लेकिन आज के समय में स्वास्थ्य का हाल बेहाल है जिसका कारण जहरीली हवा रसायन से भरी सब्जियां, फल और तो और जंक फूड यानी बर्गर, चाऊमीन इत्यादि है.ये हमारे स्वास्थ्य को असंतुलित कर रही है मनुष्य जब बीमार होता है तो वह अपने नजदीकी अस्पताल में जाने की सोचता है ताकि उसका सही समय पर इलाज हो सके या फिर कोई भी दुर्घटना हुई वह भी नजदीकी अस्पताल में जाने के लिए सोचता है. लेकिन जिस मनुष्य को स्वास्थ संबंधित कोई भी दिक्कत होती है यही चाहता है कि हमारा इलाज अच्छे से हो सके ताकि हम जल्दी से अस्वस्थ से स्वस्थ हो सके. यदि उस व्यक्ति की आर्थिक स्थिति नहीं सही है तो ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में भी जाने का सोचता है लेकिन आज के सरकारी अस्पतालों की बात निराली हो चुकी है सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बजट पास करती है बजट को भी पास करने के लिए लाखों–करोड़ों लगते हैं और जब बजट पास हो जाता है जब स्वास्थ के लिए अस्पतालों में व्यवस्थाएं कराई जाती है तब पर भी लाखों–करोड़ों लगते हैं. जरा सोचिए यह लाखों–करोड़ों उस मनुष्य तक पहुंच रहा है? जिसको वास्तव मे जरूरत है, जिसके पास आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है क्या वह सरकारी अस्पतालों का लाभ उठा पा रहा है? मेरा मानना है कि जो सरकार पैसा पास करती है सरकारी अस्पतालों को दुरुस्त करने में लगी रहती है वह सब उनके सत्ता में आए हुए लोगों के लिए ही लगाता है. एक उदाहरण के तौर पर एक गरीब व्यक्ति को बुखार है वह व्यक्ति एक वक्त की रोटी के लिए मजदूरी करता है अपने इलाज के लिए वह सरकारी अस्पताल में जाता है तो उसे सबसे पहले एक रुपए के पर्चे के लिए पूरे दिन की लंबी लाइन लगानी पड़ती है और तो और समय आया तो ठीक है वरना दूसरे दिन भी वही लंबी लाइन दोहरानी पड़ती है. उसके बाद जब नंबर आता है तो डॉक्टर उसे एक पर्चे में लिखकर बोलते हैं यहा सिर्फ एक ही दवाई है और सब आप को बाहर से लेनी पड़ेगी फिर उसकी कुछ जाचे होती है उसके लिए भी उसे 4 दिन दौड़ाया जाता है. जरा सोचिए एक गरीब व्यक्ति अपने इलाज के लिए 4 से 5 दिन का समय व्यर्थ करता है फिर भी इलाज उसका सही से नहीं हो पाता है.सरकारी अस्पताल के द्वारा लिखी हुई बाहर की दवाई वो भी उस व्यक्ति को खरीदना पड़ता है.एक मजदूर व्यक्ति 1 दिन में मजदूरी करके 200 रु से 300 रु कमाता है, चार–पांच दिन काम ना करके वह इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में ही बैठा रहता है उसका कितना नुकसान होता है. यह था उदाहरण एक गरीब व्यक्ति का और हम आपको उदाहरण नहीं बल्कि आपको एक सच्चाई बताते हैं कि उसी सरकारी अस्पताल में कोई नेता मंत्री या जो सत्ता में हो उसका कोई व्यक्ति उस सरकारी अस्पताल में आता है तो उसका इलाज बिना लाइन में लगाए हुए बिना समय खर्च किए हुए बिना पैसा लगाए हुए वह भी सुचारू रूप से किया जाता है क्योंकि उस अस्पताल में बैठे डॉक्टरों पर सत्ताधारी वा मंत्रियों का दबाव होता है ऐसे में अगर उस व्यक्ति का इलाज नहीं किया तो डॉक्टर अपनी नौकरी भी खो सकता है. उसको तुरंत इलाज दिया जाता है. वही एक गरीब व्यक्ति जो मजदूरी करके अपना पेट भरता है वह अपना निजी अस्पताल में इलाज सही से ना करा पाने पर वह सरकारी अस्पतालों में जाता है उसे इलाज नहीं मिलता बल्कि उसे दर–दर भटकना पड़ता है. यह है आज के सरकारी अस्पतालों की स्थिति जिस व्यक्ति को वास्तव में सरकारी अस्पतालों की इलाज की जरूरत है उसे आज नहीं मिल रहा है वह इतना सक्षम नहीं है कि वह अपना इलाज निजी अस्पतालों में कराए फिर सरकार को दिखावा किस बात का कि वह सरकारी अस्पतालों के लिए व्यवस्थाए पूरी करते हैं.यह किसी एक पार्टी की सरकार में नहीं होता बल्कि जो भी पार्टी सत्ता में आती है चाहें कॉग्रेस की बात हो,समाजवादी पार्टी की या फिर भारतीय जनता पार्टी की सत्ता के दबाव से ही सरकारी अस्पतालों में इलाज होता है. हर व्यक्ति यही सोचता है इसका इलाज अच्छे से हो लेकिन इलाज तो दूर इनपर पसुओ जैंसा बर्ताव किया जाता है.सरकार ने आपातकालीन सेवा के लिए डायल 108 और 102 की व्यवस्थाएं कराइ है ताकि मरीज को कोई भी समस्या हो वो एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल तक समय पर पहुंच सके, ये सेवा सरकार ने उन लोगो के बनाई है जिनके पास वाहन नहीं है. लेकिन ये व्यवस्थाएं भी नहीं काम कर रही है जयादा तर ऐसे भी केस सामने आये है जिनकी मृत्यु सिर्फ और सिर्फ अस्पताल समय पर न पहुंच पाने पर हो जाती है ऐसे में सरकार को क्या जरूरत है लाखो करोडो के बजट पास करे, जब उनके दवारा बनाई गयी सेवा उन लोगो तक नहीं पहुंच पा रही है जिनको जरूरत है। आज के सरकारी अस्पतालों की स्थति तो दयनीय होगयी है हम सिर्फ उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की बात करे तो सायद ही कोई ऐसा अस्पताल हो जिसमे सही से इलाज मिल रहा हो ना ही अस्पतालों में मरीजों के लिए बेड है और नहीं इलाज करने के लिए डॉक्टर। सरकारी अस्पतालों में बेड तो है और डॉकटर भी लेकिन सत्ता में आये हुए व्यक्तियों के लिए फिर चाहे एक गरीब उस अस्पताल में दम ही क्यों ना तोड़ दे. आज के अस्पतालों में जमीन पर लेटा कर इलाज किया जा रहा वो भी कभी उन्हें डॉक्टर देखने आता है तो कभी नहीं सारी परेशानी एक गरीब व्यक्ति ही झेलता है और जो सत्ताधारी है वो उसी सरकारी अस्पताल में ऐ. सी में अपना इलाज कराते है वो भी मुफ्त और बिना कोई परेशानी के बस एक ही परेशानी होती उन्हें जो अस्पताल आना पड़ता है। अगर डॉक्टर इन सत्ताधारियो का इलाज नहीं सही से किये तो इनकी नौकरी भी जा सकती है ऐसे में सत्ता के दबाओ में आकर उन्हें उनका इलाज करना पड़ता है. मेहनत तो सिर्फ करते है एक गरीब तबके का व्यक्ति अपने इलाज के लिए खून पसीना निकाल कर दौड़ते है ताकि उन्हे मुफ्त इलाज मिल जाए लेकिन उन्हे सही ढंग से इलाज नहीं मिल रहा है वह इलाज उन सत्ता धारियों को मिल रहा है जो जो सत्ता में हो. जिसके कारण उस गरीब तबके के घर की रोशनी बुझ जाती है यानी उसकी मृत्यु हो जाती है वक्त पर सही से इलाज ना हो पाने पर उसे अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड़ जाता है. ऐसे में सरकारी अस्पतालों की स्थिति बदहाल और सत्ता के कब्जे में हो चुकी है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सीडीओ की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्यमंत्री सन्दर्भ, जिलाधिकारी, सम्पूर्ण समाधान दिवस, आनलाइन प्राप्त शिकायत, पी0जी0 पोर्टल, उपमुख्यमंत्री, मंत्री सन्दर्भ, शासन/राजस्व परिषद, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, आर्थिक मदद, महिला हेल्प डेस्क, एन्टी भू–माफिया, लोकवाणी सन्दर्भ आदि के कुल 61402 शिकायत प्राप्त, जिसके सापेक्ष 59879 सन्दर्भ विभिन्न विभागों द्वारा निस्तारित किये गये तथा 1357 लंबित सन्दर्भ व 166 डिफाल्टर सन्दर्भ के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय में निस्तारित किये जायें। बैठक में सर्वप्रथम आई0जी0आर0एस0 के बदले हुए प्रारूप के बारे में बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री वत्स द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के मंशानुरूप



जन सामान्य की शिकायतों का निराकरण शीर्ष प्राथमिकताओं के अनुरूप किये जायें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं की जायेगी। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारी समयानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। बैठक में डीएफओ आनन्देश्वर प्रसाद, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल सहित अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजकीय महिला शरणालय अयोध्या एवं बाल सम्प्रेषण गृह अयोध्या का जिला विधिक सेवा प्राधिकारण सुलतानपुर द्वारा किया गया निरीक्षण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मा0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 02.10.2021 से 14.11.2021 तक सम्पूर्ण भारत वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में मा0 जनपद न्यायाधीश की संरक्षता में 27 अक्टूबर को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एवं दूर–दराज क्षेत्रों में डोर–टू–डोर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर में कार्यरत मध्यस्थगण, नामिका अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालेन्टियर एवं जिले की आंगनबाड़ी और आशाबहुओं के द्वारा सक्रिये रूप से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता के प्रचार–प्रसार हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा नालसा द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं से भी अवगत कराया गया व उपस्थित जनसमुदाय को विधिक रूप से जागरूक करते हुए, उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया गया तथा कोविड–19 के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन हेतु



सचेत किया गया। इसके अतिरिक्त मा0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नई, दिल्ली एवं मा0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर द्वारा आज 27 अक्टूबर, 2021 राजकीय महिला शरणालय अयोध्या एवं बाल सम्प्रेषण गृह अयोध्या का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकीय महिला शरणालय में निरूद्ध संवासिनियों एवं अधीक्षक बाल सम्प्रेषण गृह में निरूद्ध किशोर अपराधियों को कोविड–19 की महामारी के सम्बन्ध में उ0प्र0 सरकार एवं भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए मानक के अनुसार नाश्ता व खान–पान एवं साफ–सफाई की नियमानुसार व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया।

## विधायक सुलतानपुर द्वारा लाभार्थियों को विद्युत चॉक किया गया वितरित

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : वित्तीय वर्ष 2020–21 के अन्तर्गत चयन समिति द्वारा बुधवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में चयनित माटी कला रोजगार योजना को बढ़ावा देने हेतु परम्परागत कारीगरों को मा0 विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह के कर कमलों द्वारा 20 (बीस) इलेक्ट्रिक चाक लाभार्थियों को वितरित किया गया। विद्युत चाक के माध्यम से कुल्हड़, दीपावली के दिये, पानी का गिलाास, कूकर, थर्मस इत्यादि के निर्माण हेतु उनके हुनर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मु0 349780.00 लाख रू0 (तीन लाख उनचास हजार सात सौ अस्सी मात्र) मय जी0एस0टी0 सहित कुल चॉकों की कीमत है। विधायक द्वारा लाभार्थियों को अवगत कराया गया कि एक इलेक्ट्रिक चॉक की कीमत 148221.19 रू0 (चौदह हजार आठ सौ इक्कीस रूपये पच्चीस पैसे मात्र) है, जो परम्परागत कारीगरों को आज प्रदान किया जा रहा है। विधायक द्वारा शासन की अनेक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को शासन द्वारा उनके कल्याण हेतु चलायी जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार 'सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास' हासिल कर रही है। अन्त में जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी आलोक कुमार श्रीवास्तव, अनुदेशक (चर्म) सूरज प्रसाद वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, राम दुलार प्रजापति, सूर्यमुखी, नायब प्रजापति, लक्ष्मी प्रजापति उपस्थित रहीं।

## कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन 30 अक्टूबर को

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिला सेवा योजन अधिकारी संदीप ने बताया कि जिला सेवा योजन कार्यालय, पयागीपुर सुलतानपुर, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 30 अक्टूबर, 2021 को प्रातः 10 बजे से एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन जिला सेवा योजन कार्यालय, पयागीपुर के परिसर में प्रत्यक्ष साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी जो हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आई0टी0आई0 अथवा किसी भी वर्ग में स्नातक उत्तीर्ण हों तथा 18 वर्ष से 35 वर्ष की आयु के मध्य हों, वे अपने शैक्षणिक अभिलेखों के साथ कोविड–19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सेवा योजन पोर्टल ूूूमूंलवरंद.नच.दपब. पद पर निःशुल्क पंजीकरण कराकर भी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में साक्षात्कार आफलाइन होगा। इस हेतु किसी भी प्रकार का कोई भी मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## अधिक आय का जरिया हो सकता है मक्के की खेती

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : एमएससी छात्र ऋषभ मिश्रा कुमारगंज अयोध्या आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के प्रस्तावना तक का छात्र यह जानकारी देते हुए बताया मक्का की आज बाजार में काफी मांग है, पॉपकॉर्न बच्चों की पहली पसंद तथा मक्का प्रोटीन का अच्छा स्रोत भी है। विभिन्न कंपनी बंद पैकेट में बड़े व्यापक रूप में पॉपकॉर्न तथा मक्के के कई वाई प्रोडक्ट बाजार में बेच रही हैं, अयोध्या स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के कीट विज्ञान विभाग के परास्नातक छात्र रहे ऋषभ मिश्र ने बताया की किसान भाई मक्का की खेती करके अच्छा लाभ कमा सकते हैं। किसके लिए जलवायु मक्का की खेती विभिन्न प्रकार की जलवायु में की जा सकती है, इसीलिए मक्का की खेती किसानों द्वारा पूरे वर्ष की जाती है, परंतु उष्ण क्षेत्रों में मक्का की वृद्धि, विकास एवं उपज अधिक पाई जाती है, मक्के की फसल को शुरुआत के दिनों से भूमि में पर्याप्त नमी की आवश्यकता होती है ,पिछले सप्ताह में बारिश हो जाने से भूमि में पर्याप्त नमी भी है। किसान भाई खरीफ में ४–५ सिंचाई देकर मक्का की खेती आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए भूमि की आवश्यकता होती है मक्का की खेती सभी प्रकार की भूमि में की जा सकती है परंतु मक्का की अच्छी बढ़वार और उत्पादकता के लिए अच्छे जल निकास वाली उपजाऊ दोमट एवं मध्यम से भारी मृदा उपयुक्त रहती है। जलभराव, लवणीय तथा क्षारीय भूमि मक्का की खेती के लिए उपयुक्त नहीं रहती। मक्के की बुवाई के लिए उपयुक्त समय पूर्वी उत्तर प्रदेश में मक्का की खेती जून के मध्य से जुलाई के प्रारंभ तक होती है। परंतु फसल की अच्छी बढ़वार एवं उत्पादकता को दृष्टिगत रखते हुए जून के प्रथम सप्ताह से दूसरे सप्ताह तक बुवाई कर देनी चाहिए। यह मक्का की बुवाई का सर्वश्रेष्ठ समय होता है। मक्के की अधिक उपज प्राप्त करने के लिए बीज को 60 सेंटीमीटर दूर कतारों या मेड़ों पर बोयें, पौधों से पौधों का अंतर 25 सेंटीमीटर ,बीज की गहराई 3 से 5 सेंटीमीटर रखें। इस प्रकार देशी किस्मों से १०–१५ कु०/हेक्टेयर तथा संकर किस्मों से ४०–४५ कु०/हेक्टेयर दाने की उपज प्राप्त हो जाती है। मक्के की विभिन्न किस्में– वी एल –४२, वी एल –७८, एच एम–४, केसरी। इन पर जातियों का चयन करके किसान भाई अधिक लाभ कमा सकते हैं।

## कमल शक्ति संवाद कार्यक्रम विधायक विजय बहादुर पाठक के आतिथ्य में संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कमल शक्ति संवाद कार्यक्रम विधानसभा संडीला में बहनों के अपार जनसमूह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ,प्रदेश प्रभारी महिला मोर्चा ,एमएलसी विजय बहादुर पाठक जी रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अलका गुप्ता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ने की कार्यक्रम का प्रारंभ श्रद्धा दीनदयाल उपाध्याय एवं श्रद्धा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विजय बहादुर पाठक जी ने आई हुई ,बहनों से संवाद किया और बहनों को माननीय मोदी जी एवं योगी जी द्वारा चलाई जा रही ,योजनाओं के बारे में महिलाओं को विस्तार से बताया तथा उन्होंने कहा हमारी सरकार महिलाओं को सशक्तिकरण के कार्य को धरातल पर सशक्त करते हुए स्वाबलंबी बना रही है, आज महिलाएं हमारी सरकार में प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर कार्य कर रही है ,महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ,सरकार द्वारा अनेक कार्य किए जा रहे हैं ,एंटी स्कोट रोमियो पिंक महिला बूथ इसी दिशा में कार्य कर रहे हैं आज हमारे देश में सशक्त होते हुए महिलाएं देश एवं प्रदेश का नेतृत्व कर रही हैं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती अलका गुप्ता जी ने मुख्य अतिथि का शॉल, स्मृति




चिन्ह व पुष्प देकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि आज महिला मोर्चा पूरे जिले मे संगठनात्मक रूप से पूरी मजबूती के साथ जिले में कार्य कर रही है अभी–अभी मंडल वार मंडल कार्यसमिति मंडल सा संपन्न कराई गई। जिले में हमारी बहने संगठन को मजबूती देते हुए ,सभी कार्यक्रमों को धरातल पर उतारते हुए सफलतापूर्वक संपन्न कर रही हैं ।आई हुई बहनों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए, कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी सिंह ,जिला मीडिया प्रभारी कविता टंडन ,जिला मंत्री नीना सिंह, निर्मला देवी ,कार्यालय प्रभारी विनिमय सिंह, नगर अध्यक्ष छाया पांडे भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोनी एवं पदाधिकारी व कार्यकर्ता बहन ने उपस्थित रही।

## एसटीएफ ने मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश सहित दो को किया ढेर

लखनऊ ब्यूरो : एसटीएफ की टीम की बुधवार देर शाम करीब आठ बजे मड़ियांव के घैला इलाके में दो बदमाशों से मुठभेड़ हुई। दोनों तरफ से कई राउंड गोलियां चली। फायरिंग में दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल बदमाशों में अलीशेर उर्फ डॉक्टर और बन्नू उर्फ कामरान शामिल है। दोनों को अस्पताल भेजा गया है। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अलीशेर पर एक लाख और कामरान पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसने 22 सितंबर को झारखंड के पलामू जिले में भाजपा नेता जीतराम मुंडा की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से वह फरार चल रहे थे। उत्तर प्रदेश में छिपे होने की सूचना पर एसटीएफ ने उनकी तलाश शुरू की। बुधवार देर शाम को दोनों की एसटीएफ से मुठभेड़ हो गई। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक बदमाशों के पास से एक कार्बाइन 30 एमएम, दो पिस्तौल, एक तमंचा, बाइक व भारी मात्रा में कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक दोनों मुख्तार अंसारी गिरोह के शॉर्प शूटर थे। इनकी तलाश काफी दिनों से चल रही थी। एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक मुठभेड़ में मारा गया बदमाश अलीशेर उर्फ डॉक्टर आजमगढ़ के देवगांव का रहने वाला था। 22 सितंबर को उसने रांची में भाजपा नेता जीतराम मुंडा की हत्या का आरोपी था। एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक एसटीएफ बीते कई दिनों से इन दोनों बदमाशों पर नजर रखे हुए थी और बुधवार को सूचना मिली कि यह दोनों राजधानी लखनऊ में छिपकर रह रहे हैं। इसी सूचना पर यूपी एसटीएफ ने जब इनको पकड़ने के लिए घेराबंदी की तो मंडियाव में घैला पुल के पास दोनों बदमाशों ने एसटीएफ की टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश करने लगे। इस दौरान जबावी फायरिंग में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को भाऊराव देवरस चिकित्सालय में इलाज के लिए भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मुख्तार अंसारी के करीबी थे दोनों। एएसपी के मुताबिक अलीशेर उर्फ डॉक्टर और बन्नू उर्फ कामरान दोनों मऊ के निर्दल विधायक मुख्तार अंसारी के करीबी है। दोनों पहले मुन्ना बजरंगी के लिए काम करते थे। मुन्ना बजरंगी की बागपत जेल में हत्या के बाद दोनों सीधे तौर पर मुख्तार अंसारी के लिए काम करने लगे थे। इसके पहले मुख्तार





के इशारे पर मुन्ना की अनुमति पर काम करते थे। एएसपी के मुताबिक अलीशेर उर्फ डॉक्टर आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, वाराणसी जिलों में आतंक का पर्याय बन गया था। अलीशेर के लिए कहा जाता था उसके निशाने से कोई नहीं बच पाता है। कार्बाइन व 9एमएम की पिस्तौल बरामद। एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह की टीम से बुधवार देर शाम को हुई बदमाशों से मुठभेड़ में दोनों बदमाश ढेर हो गये। पुलिस टीम ने दोनों के पास से 30 एमएम की एक कार्बाइन, 9एमएम की एक पिस्तौल, 32 बोर की एक पिस्तौल, एक तमंचा, एक बाइक और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किया है। एएसपी के मुताबिक एक लाख का इनामी अलीशेर उर्फ डॉक्टर कुख्यात शूटर था। उसका निशाना अचूक था। वह उत्तर प्रदेश ही नहीं आसपास के अन्य प्रांतों में सुपारी लेकर हत्या करता था। व्यापारी की हत्या करने के फिराक में थे। एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक दोनों ने पुराने लखनऊ के एक बड़े कारोबारी की हत्या करने की सुपारी ली थी। इसके लिए ही वह कुछ दिनों से लखनऊ के मड़ियांव इलाके में छिपकर रहते थे। एसटीएफ को सूचना मिलने पर घेराबंदी की गई। बुधवार रात को टीम ने घैला पुलिस चौकी के पास घेरा तो टीम पर फायरिंग कर भागने लगे। करीब आधा किलोमीटर तक पुलिस टीम ने पीछा किया। इस दौरान दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गये। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक अलीशेर पर हत्या के प्रयास, लूट, रंगदारी और अन्य तरह के 40 से अधिक मुकदमें दर्ज है। वहीं कामरान उर्फ बन्नू भी आजमगढ़ का रही रहने वाला था। उस पर भी आठ से अधिक हत्या के प्रयास, हत्या व रंगदारी के मुकदमें दर्ज है। पुलिस टीम के मुताबिक कामरान कुछ दिनों से अलीशेर के साथ ही रहता था। वह अलीशेर के लिए रेकी करता था। साथ ही वारदात को अंजाम देने में मदद करता था। झारखंड के भाजपा व आजमगढ़ के बसपा नेता की हत्या में शामिल। एसटीएफ के मुताबिक मुठभेड़ में मारा गया बदमाश अलीशेर का नाम 22 सितंबर झारखंड के रांची में भाजपा नेता जीतराम मुंडा की गोलियों से भूनकर हत्या केमामले में नाम आया था। इसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। वहीं इसके पहले उसने आजमगढ़ के बसपा नेता कलीमुद्दीन की गोली मारकर भी हत्या की थी। एसटीएफ टीम उसके द्वारा गैर प्रांतों में किये गये हत्या व अन्य वारदातों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

## डेंगू का बढ़ रहा प्रकोप, दो मरीज मिलने से 168 हुई संख्या : कोरोना का भी एक मरीज मिला

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में डेंगू का प्रकोप भी लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को भी दो नए मरीज मिले हैं। इसके बाद मरीजों का आंकड़ा 168 पहुंच गया। इधर मलेरिया विभाग की ओर से जिले में 1954 घरों में सर्वे किया गया, इसमें एक घर में डेंगू का लार्वा मिलने पर नोटिस जारी किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी एससी पांडेय ने बताया कि टकटकपुर में 17 वर्षीय किशोर और पांडेयपुर निवासी 17 वर्षीय किशोरी में डेंगू की पुष्टि हुई है। इधर जिले में वायरल फीवर, डेंगू के कुल 69 मरीजों का इलाज चल रहा है। इसमें दीनदयाल अस्पताल में 15, बीएचयू में 11, मंडलीय अस्पताल में छह मरीज भर्ती हैं। 15 दिन में दूसरी बार मिला कोरोना का एक मरीज। वाराणसी में 15 दिन में यह दूसरा अवसर है, जब कोरोना का संक्रमित मरीज मिला है। इसके पहले तीन अक्तूबर को कोरोना मुक्त होने के बाद 12 अक्तूबर को एक महिला में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। अब 27 अक्तूबर को नगवा निवासी युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके साथ ही एक बार फिर काशी संक्रमित मरीजों वाले जिलों की सूची में शामिल हो गया है। कोरोना का संक्रमण कम होने के साथ ही काशी पूरी तरह से कोरोना मुक्त हो गई थी। मंगलवार को मिली 4069 सैंपल की रिपोर्ट में नगवा लंका के कृष्णाबाग निवासी 34 वर्षीय युवक में कोरोना की पुष्टि हुई है। इसके बाद विभाग की टीम संपर्क में आने वालों की जांच सहित अन्य औपचारिकताओं में लग गई है। सीएमओ डॉ. वीबी सिंह ने बताया कि अब जिले में कुल 82398 मरीजों में 81624 के डिस्चार्ज, 773 की मौत के बाद एक एक्टिव केस हैं।

# भारतीय समाज पार्टी के 19 वां स्थापना दिवस पर मऊ में वृहद जनसभा का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ बलिराज राजभर ने मऊ में होने वाली भागीदारी मोर्चा के विशाल रैली के बारे में एक स्थानीय होटल मैं प्रेस कान्फ्रेंस कर 27 अक्टूबर 2021 को हलधरपुर मऊ में अति दलित अति पिछड़ा महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुख्य अतिथि होंगे अध्यक्षता भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर करेंगे इसका नाम भागीदारी संकल्प मोर्चा रखा गया है इसी दिन अन्य सहयोगी दलों का इस महापंचायत में गठबंधन का ऐलान भी किया जाएगा जिसमें जौनपुर से करीब 15000 कार्यकर्ता की भागीदारी रहेगी एवं पूर्वांचल से करीब 500000 लोग इकट्ठा हो रहे हैं भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर दलित पिछड़ों के बड़े नेता हो गए हैं उनकी नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में नौजवान उनके साथ जुड़ रहे हैं अन्य पार्टियों के लोगों को उस जनसभा में पता लग जाएगा समाजवादी पार्टी से मेरा गठबंधन तय है और हम लोग मिलकर 350 से ऊपर सीट जीतेंगे आगामी चुनाव में बीजेपी को उखाड़ कर फेंक देंगे भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में रहते किसी का भला नहीं हुआ बीजेपी की सरकार मैं महंगाई चरम पर है दंगे फसाद गुंडागर्दी हर जगह हो रहे हैं भाजपा



के नेता नरेंद्र मोदी देश में हवाई जहाज एलआईसी कोइलरी एयरपोर्ट व अन्य कुछ बड़ी पूंजी पतियों को बेच रहे हैं जिससे देश की हालत बहुत ही खराब हो गई है ऐसा पिछले किसी भी सरकारों में नहीं हुआ यह पूछने पर कि मोदी सरकार का कोई भी अच्छा काम बताएं उन्होंने कहा कोई काम अच्छा नहीं है उनका सिर्फ भाषण अच्छा होता है प्रदेश सचिव रामजी मोदनवाल ने बताया कि 27 तारीख को मऊ में होने वाली विशाल रैली आने वाले चुनाव में योगी सरकार को पता लग जाएगा उपरोक्त अवसर पर अभय पटेल जिला उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष बृजभान राजभर अनिल पाल मनीष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# आगामी त्योहार दीपावली के दृष्टिगत खाद्य एवं पेय पदार्थों पर विशेष रूप से चलाया जा रहा अभियान

जौनपुर सू.वि. : अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बताया है कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेश के अनुपालन के क्रम में आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं पेय पदार्थों विशेष रूप से खाद्य पदार्थ खोया, खाद्य तेल, एवं वनस्पति घी, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां, रंगीन मीठे खिलौने, अन्य खाद्य पदार्थ आदि में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा तन्निर्मित नियमावलियों के अन्तर्गत प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने हेतु खाद्य सचल दल का गठन करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जौनपुर के नेतृत्व में 26 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2021 तक जनपद में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद के अलग–अलग स्थानों पर कार्यवाही की गयी। अभिहित अधिकारी डा. वेद प्रकाश मिश्र के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय के नेतृत्व में खाद्य सचल दल में सम्मिलित खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिपिन कुमार गिरि, राजेश मौर्य, अमरदेव सिंह कुशवाहा, रघुनाथ प्रसाद पटेल एवं सूर्यमणि द्वारा जनपद के अलग–अलग स्थानों पर स्थित मिठाई विनिर्माताओं से खाद्य पदार्थ रसगुल्ला के 02 नमूने, छेना मिठाई का 01 नमूना, डोडा का 01 नमूना, बादाम रोल का 01 नमूना, मिल्क केक का 01 नमूना, बूंदी लड्डू का 01 नमूना, बेसन लड्डू का 01 नमूना, सोनपपड़ी का 01 नमूना एवं कलाकन्द का 01 नमूना (कुल–10 नमूना) जनहित में जांच हेतु संग्रहीत कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित कर दिया गया है। इस प्रकार इस प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान खाद्य सचल दल द्वारा 26 से 27 अक्टूबर 2021 तक विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 20 नमूने जनहित में जांच हेतु संग्रहीत कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित कर दिया गया है साथ ही खाद्य सचल दल द्वारा सिंगरामऊ बाजार में खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं आम जनमानस के लगभग 25 लोगों को खाद्य पदार्थों विशेषकर मिठाईयों में असली चांदी वर्क प्रयोग करने एवं मानक के अनुसार निर्धारित मात्रा में खाद्य रंगों का प्रयोग करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इसी के साथ ही खाद्य सचल दल द्वारा आज प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान अलग–अलग खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने पर नमूना संग्रहण की कार्यवाही के साथ ही खाद्य पदार्थ रसगुल्ला 199 कि0ग्रा0 (अनुमानित मूल्य रू0 21400), खाद्य पदार्थ कलाकन्द लगभग 50 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 5500), खाद्य पदार्थ बादाम रोल लगभग 66 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 5200), खाद्य पदार्थ बेसन लड्डू लगभग 80 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 6400), खाद्य पदार्थ सोनपपड़ी लगभग 144 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 15840) एवं खाद्य पदार्थ डोडा लगभग 29 कि.ग्रा. (अनुमानित मूल्य रू0 3770) को नियमानुसार सीज कर जब्त किया गया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल मात्रा लगभग 05 कुन्तल 68 कि0ग्रा0 (अनुमानित मूल्य रू0 58110) को नियमानुसार सीज कर जब्त किया गया। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील की है कि जनहित में अपने–अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का निर्माण/क्रय/विक्रय/भण्डारण करना सुनिश्चित करें।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय एवं फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम मांस ड्रग एडमिडस्ट्रेशन जिला स्तरीय समन्वयन की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय एवं फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम मांस ड्रग एडमिडस्ट्रेशन जिला स्तरीय समन्वयन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि फाइलेरिया रोग के संक्रमण, नियंत्रण और बचाव को लेकर जनपदवासियों को जागरूक करे और कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि यह रोग किसी भी दशा में फैलने न पाए। उन्हाने जिला मलेरिया अधिकारी वी0पी0 सिंह को निर्देशित किया कि फाइलेरिया के संबंध में ट्रेनिंग चलाकर उन्मूलन में सहयोग करें। जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार को निर्देशित किया कि फाइलेरिया रोग का संक्रमण गंदे पानी से होता है अतः अभियान चलाकर साफ–सफाई के कार्य कराये जाये। जिला पूर्ति अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, कोटेदार, प्रधान का सहयोग लेते हुए लोगों को दवा का सेवन हेतु जागरूक करने के निर्देश दिये गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि 22 नवम्बर से घर–घर फाइलेरिया की दवा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा वितरित की जायेगी, जिसका सेवन अवश्य करे। जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल



को निर्देशित किया कि फाइलेरिया के संबंध में स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाये और नाटक, निबंध, रैली, प्रार्थना सभा आदि के माध्यम से बच्चों को फाइलेरिया रोग के सम्बन्ध में जागरूक करें। जिलाधिकारी ने जनपद में संस्थागत प्रसव एवं अस्पताल में प्रसव के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि आशा, आगनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर जाकर नवजात बच्चों का वजन, पल्स रेट, शरीर के रंग में बदलाव, सांस लेने में तकलीफ सहित अन्य लक्षणों की जानकारी प्राप्त करें और समस्या उत्पन्न होने पर सम्बन्धित सीएचसी/पीएचसी/जिला अस्पताल को अवगत कराये, जिससे नवजात बच्चों के मृत्यु दर में कमी लायी जा सके। उन्होंने कहा कि नियमित रुप से आशा एवं आगनबाड़ी कार्यकर्ता को उपरोक्त के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अनिल शर्मा, डा. राजीव यादव, समस्त एमओआईसी उपस्थित रहे।

# आरएसएस की शाखा पर फेंका गया सुतली बम : छर्रा लगने से कई स्वयंसेवक घायल

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में सिगरा थाना क्षेत्र के मताकुंड इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा पर गुरुवार की सुबह किसी ने सुतली बम फेंक दिया, जिसे मौके पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस से छानबीन की। सिगरा थाना पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गुरुवार की सुबह कुछ अराजक तत्वों ने शाखा पर सुतली बम फेंका। संयोग से पहला–दूसरा बम नहीं फटा, लेकिन तीसरा बम फेंका तो वो फट गया। जिससे मौके पर मौजूद कुछ शाखा के स्वयंसेवकों को बम का छर्रा लग गया, जिससे वह घायल हो गए। उन्होंने कहा कि शाखा के सभी स्वयंसेवक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, घटना के बाद पुलिस अराजक तत्वों को तलाश रही है।

# अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर वृद्धों को कराया गया भोजन

जौनपुर ब्यूरो : अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर प्रेम राजपुर वृद्धा आश्रम में वृद्ध जनों को ट्रस्ट के तरफ से भोजन कराया गया, ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने बताया कि एक माँ बाप कई बच्चों की परवरिश कर लेते हैं पर कई बच्चे मिलकर भी माँ बाप की सेवा नहीं कर पाते हैं,! आज के आधुनिक युग में बच्चे बुजुर्ग माँ बाप के साथ नहीं रहना चाहते हैं जो बहुत ही दुःखद एवं अफसोस के साथ शर्मनाक स्थिति है, यहा जब आते हैं तो यहा की स्थिति देखकर दुख होता है, उर्वशी सिंह ने कहा कि हमारे ट्रस्ट के तरफ से भविष्य में जो सहयोग होगा पूरे मन से करेंगे! ट्रस्ट की अध्यक्षा उर्वशी सिंह ने कहा कि हमारा ट्रस्ट महिलाओ और बुजुर्गों के लिए कार्य करती है और आगे भी कार्य जारी रहेगी ट्रस्ट की महा सचिव राधिका सिंह और कोषाध्यक्ष नागेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि भविष्य में उन्हें जिस तरह से सहयोग की आवश्यकता होगी हम पूरे दिल से करेंगे, कार्यक्रम में अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट की वाराणसी प्रभारी पिंकू मौर्या, साधना सिंह रवि चौबे, शशि राय, पंकज यादव श्याम प्यारे (गुड्डू) को सम्मान पत्र देकर अच्छे कार्यो के लिए सम्मानित किया गया।

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रो की छात्रवृत्ति मे हो बढ़ोत्तरी



आर एल पाण्डेय लखनऊ। बुधवार को लखनऊ के दौरे पर आए केन्द्रीय सामाजिक न्याय आधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले से वीवीआईपी गेस्ट हाउस मे संत शिरोमणि रविदास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के सदस्य रामहृदय राम के नेतृत्व मे भेंट कर प्रतिनिधिमंडल ने अनुसूचित जातिध्जनजाति के छात्रो की छात्रवृत्ति मे इजाफा करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामहृदय राम ने बताया कि इसके अलावा डा अम्बेडकर व रविदास छात्रावास मे फर्नीचर इत्यादि की उचित व्यवस्था एवं अनुसूचित जाति के छात्रो की शुल्क प्रतिपूर्ति की मांग की। प्रतिनिधिमंडल मे बीरेन्द्र शहगल,अतुल कुमार, अमित कुमार शामिल रहे।

# स्मारक घोटाला के सभी आरोपियों को कोर्ट ने किया तलब : 1400 करोड़ का था घोटाला

लखनऊ ब्यूरो : बसपा शासनकाल में लखनऊ और नोएडा में बने स्मारक व पार्कों के निर्माण में करीब 1400 करोड़ रुपये के घोटाले में जांच के बाद सतर्कता अधिष्ठान की ओर से दाखिल चार्जशीट पर एमपीएमएलए कोर्ट ने संज्ञान लिया है। विशेष न्यायाधीश पवन कुमार रॉय ने मामले में आरोपियों को तलब करते हुए सुनवाई के लिए दो नवंबर की तारीख तय की है। चार्जशीट में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के 25 तत्कालीन अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा 32 अन्य आरोपी बनाए गए हैं। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ गबन, भ्रष्टाचार व साजिश की धाराओं को संज्ञान लिया है। गौरतलब है कि शासन के आदेश पर गोमतीनगर में एक जनवरी, 2014 को रिपोर्ट दर्ज कराकर मामले की जांच की गई। तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत 18 लोगों के खिलाफ विवेचना की गई। पता चला कि आरोपियों ने नियम विरुद्ध कंसोर्टियम प्रमुख बनाकर खनन कराया और धन प्राप्त किया।

# उपनिदेशक कृषि कार्यालय एवं सिचाई विभाग का निरीक्षण किया गया : सचिव

जौनपुर सू.वि. : सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन जी०एस० प्रियदर्शीध्नोडल अधिकारी जनपद जौनपुर द्वारा उपनिदेशक कृषि कार्यालय एवं सिचाई विभाग का निरीक्षण किया गया। कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी के निरीक्षण के दौरान खेत, तालाब योजना सहित अन्य योजनाओं से जुड़ी फाइलों का बारीकी से जानकारी प्राप्त की और उपनिदेशक कृषि जयप्रकाश को निर्देशित किया कि फाइलों एवं अलमारियों का अच्छे से रख–रखाव किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालय भूमि संरक्षण में आवश्यकता से अधिक कर्मचारियों को दूसरे कार्यालयों में लगाया जाए। मीटिंग हॉल में कुर्सियों पर धूल जमी देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ–सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश उपनिदेशक कृषि को दिए। नोडल अधिकारी ने कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ दिया जाए। नोडल अधिकारी ने कहा कि कार्यालय में शिकायत लेकर आने वाले किसानों की सुनवाई करते हुए उनके शिकायतों का निस्तारण किया जाए। शिकायत लेकर आने वाले किसानों को फोन पर शिकायतों के निस्तारण के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की जाए। किसानों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था रहे। सिचाई विभाग के निरीक्षण के दौरान सिल्ट, सफाई, ड्रेन मरम्मत के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पुलिया निर्माण के लिए धनराशि की मांग करते हुए शीघ्र निर्माण कराया जाए। सिंचाई विभाग के मरम्मत योग्य गेस्ट हाउस को मरम्मत कराने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि वाटर मैनेजमेंट के लिए स्कैडा सिस्टम लगाया जाए, जिससे पानी की मॉनिटरिंग सही से की जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर हिमान्शु नागपाल, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरस यादव सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# टीकाकरण का ग्राफ बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने उठाया कदम

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में कोरोना टीकाकरण का ग्राफ बढ़ाने के लिए अब रात दस बजे तक टीका लगाया जाएगा। इसकी मुकम्मल व्यवस्था तो जिला अस्पताल में होगी, लेकिन अस्पताल का चयन होने तक फिलहाल सिगरा और एलटी कॉलेज परिसर में बने मेगा टीकाकरण केंद्रों पर लोग 10 बजे तक टीका लगवा सकते हैं। इधर जिले में बुधवार को शहरी और ग्रामीण इलाकों में कुल 10325 लोगों ने केंद्रों पर पहुंचकर टीका लगवाया। टीकाकरण के प्रति लोगों के उत्साह को देखते हुए ही पिछले पांच दिन से हर दिन 300 से अधिक केंद्रों पर टीकाकरण किया जा रहा है। इसमें आन द स्पॉट बुकिंग भी की जा रही है। सीएमओ डॉ. वीबी सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर ही रात दस बजे तक टीकाकरण किया जाना है। इसके अलावा जल्द ही जिला अस्पताल में यह सुविधा शुरू की जाएगी। इसके अलावा जिस गांव में लोग पहली डोज लगवा लेंगे उसे संतृप्त ग्राम और शतप्रतिशत डोज लगने वाले ग्राम को कोविड सुरक्षित ग्राम घोषित होगा। साथ ही यहां ग्राम प्रधान को सम्मानित किया जाएगा। गुरुवार को 319 केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा।

# 20 नवंबर के बाद तय होंगे सपा उम्मीदवारों के नाम : पहले चरण में मौजूदा विधायकों समेत 100 सीटों पर घोषणा

लखनऊ ब्यूरो : समाजवादी पार्टी में विधानसभा उम्मीदवारों के नाम 20 नवंबर के बाद तय होंगे। फिलहाल सर्वे व विभिन्न स्तरों से मिले फीडबैक व जातीय गणित के आधार पर दावेदारों की टॉप 10 सूची तैयार की जा रही है। पहले चरण में 30 विधायकों समेत लगभग 100 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया जाएगा। इससे पहले गठबंधन की गणित सुलझाई जाएगी। वर्तमान में प्रदेश में सपा के 48 विधायक हैं, लेकिन एक विधायक के भाजपा में जाने के बाद 47 ही बचे हैं। इनके सीटों को छोड़कर अन्य सभी सीटों पर चुनाव लड़ने वालों से आवेदन मांगे गए हैं। ज्यादातर विस क्षेत्रों में 30 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है। पूर्वांचल की 15 सीटों पर 60 से 80 आवेदन मिले हैं। इनके अलावा पार्टी ज्वाइन करने वाले भी आवेदन कर रहे हैं। अब तक करीब 18 हजार आवेदन मिल चुके हैं। इसमें करीब पांच हजार आवेदन महिलाओं के हैं। सूत्रों के मुताबिक आवेदकों द्वारा जमा किए गए शुल्क का मिलान किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्रवार आवेदकों की सूची के आधार पर टॉप 10 सूची बनाने के लिए पार्टी हाईकमान ने मानक तय किए गए हैं। वहीं जहां कम दावेदार हैं वहां टॉप तीन की सूची बनेगी। इसमें क्षेत्र में पकड़ रखने वाले, स्वच्छ छवि, बेहतरीन शैक्षिक व सियासी कैरियर वालों को तरजीह दी जाएगी। इन मानकों के आधार पर पार्टी हाईकमान उम्मीदवार के नाम पर मंथन करेगा। इसके बाद अंतिम सूची बनाई जाएगी। यह कार्य 20 नवंबर के बाद होगा। पार्टी के रणनीतिकारों का कहना है कि कुछ मौजूदा विधायकों का टिकट कट सकता है तो कुछ का चुनाव क्षेत्र बदला जा सकता है। इनमें वे विधायक होंगे, जिन्होंने किसी न किसी रूप में सपा की छवि प्रभावित किया है या उन पर दगाबाजी का आरोप लगा है। स्थानीय उम्मीदवारों को तरजीह देगी पार्टी। सपा हर सीट पर फूंक–फूंक कर कदम रखने के साथ ही गठबंधन के जरिए सियासी ताकत को भी बढ़ाने में जुटी है। पार्टी के रणनीतिकार चाहते हैं कि गठबंधन में सीटों का बंटवारा तय होने के बाद उम्मीदवारों की घोषणा करना बेहतर होगा। क्योंकि इस बार उम्मीदवार घोषित होने के बाद उसे बदला नहीं जाएगा। इससे लोगों में पार्टी के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा। वहीं, सूत्रों का कहना है कि सपा टिकट देने में स्थानीय उम्मीदवारों को तरजीह देगी। उम्मीदवार का विधानसभा क्षेत्र भले बदल जाए, लेकिन किसी जिले के नेता को दूसरे जिले की विधानसभा सीट पर उतारने से परहेज किया जाएगा।

# फर्जी शिक्षक भर्ती और करोड़ों के भुगतान में वित्त सेवा के अफसरों की भी बर्खास्तगी तय

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में हुए शिक्षक भर्ती घपले और करोड़ों रुपये के भुगतान में वित्त सेवा के कई अफसरों की बर्खास्तगी तय मानी जा रही है। पहले चरण में देवरिया के सहायता प्राप्त अशासकीय (एडेड) विद्यालयों में शिक्षकों की फर्जी नियुक्तियों में वेतन जारी करने वाले दो तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। साथ ही उस अवधि में देवरिया में तैनात रहे 7 और वित्त एवं लेखाधिकारियों के नामों का भी जिक्र इस रिपोर्ट में किया गया है। यह भी बताया गया है कि इन 7 अधिकारियों की संलिप्तता का पता लगाने के लिए जांच अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। योगी सरकार ने फर्जी शिक्षकों के वेतन आहरण करने वाले वित्त सेवा के अधिकारियों को भी जांच के दायरे में लाने के निर्देश दिए थे, ताकि इनकी भी जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। देवरिया के कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय, मदरसन में 7 शिक्षकों और सहदेव बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाबू वभनी में 8 अध्यापकों की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति की गई। जांच में मामला सही पाए जाने पर कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय के सातों शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। जबकि, सहदेव बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाध्यापक के संबंधित दस्तावेज मुहैया न कराने पर प्रबंध समिति के अधिकार छीन लिए गए हैं। वहां शिक्षा विभाग ने नियंत्रक बैठा दिया गया है। इन शिक्षकों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। माना जा रहा है कि इनकी सेवाएं भी शीघ्र समाप्त कर दी जाएंगी। मुख्यमंत्री के गोरखपुर मंडल का मामला होने के कारण शासन ने इस प्रकरण को काफी गंभीरता से लिया है। निदेशक, कोषागार आलोक अग्रवाल की ओर से शासन को भेजी रिपोर्ट में कहा गया है कि इन शिक्षकों को वेतन देना तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा रईस अहमद के समय में प्रारंभ किया गया। मोटी राशि के एरियर का भुगतान तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव के कार्यकाल में किया गया। फर्जी नियुक्तियों और वेतन भुगतान का मामला वर्ष 2010–11 से लेकर वर्ष 2020–21 के बीच का है। इस अवधि में 7 और वित्त एवं लेखाधिकारी तैनात रहे हैं। रिपोर्ट में इनके नामों का भी खुलासा किया गया है। हालांकि, मामले में इन अधिकारियों की संलिप्तता है या नहीं, इसके लिए विस्तृत जांच पूरी होने से पहले कुछ भी बता पाने की स्थिति में न होने की बात कही गई है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, इन 7 में से 2–3 अन्य अधिकारियों का फंसना तय माना जा रहा है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर चलो तो पेट और कमर में होता है दर्द, सरकार बनी तो फिर से बनवाएंगे– अखिलेश

आजमगढ़ ब्यूरो : समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ जिले के सेहदा में लैपटाप वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे का डिवाइडर 12 मीटर का होता लेकिन इसके बजट को कम करके इसे खराब कर दिया गया। सड़क पर चलो तो पेट व कमर में दर्द होता है। सपा सरकार बनते ही इसे फिर से बनाया जाएगा और आगरा एक्सप्रेस–वे की तर्ज पर इसका उद्घाटन हवाई जहाज उतार कर किया जाएगा। पहले हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई यात्रा का ख्वाब दिखाया गया लेकिन हवाई अड्डों को ही बेंच दिया गया। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के निर्माण के लिए हमने जो बजट निर्धारित किया था, उसमें कटौती कर दी गई। जिसका परिणाम है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे का डिवाइडर 12 मीटर से कम हो गया। इस सड़क पर चलने से पेट और कमर में दर्द होता है। जब प्रदेश में सपा की सरकार बनी, इसे फिर से बनाया जाएगा और आगरा एक्सप्रेस–वे की दर्ज पर हवाई जहाज उतार कर इसका उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने महंगाई पर लोगों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए वहां मौजूद




लोगों से पेट्रोल, डीजल और सिलिंडर के दाम पूछे और कहा कि मुफ्त में सिलिंडर तो दे दिया अब गरीब लोग 1000 रुपये में सिलिंडर को कैसे भराएं। जिसका परिणाम है कि बहुत से लोगों ने सिलिंडर को रख दिया और पहले की तरह चूल्हे पर खाना बना रहे हैं। इस सरकार में अधिकार के लिए आंदोलन कर रहे किसानों को कुचल दिया गया। बच्चों को भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में लैपटॉप, टैबलेट और फ्री डेटा देने की बात कही थी। साढ़े चार साल बीतने के बाद बच्चों सहित 24 करोड़ लोग बीजेपी का टैबलेट ढूंढ़ रहे हैं। बीजेपी ने बच्चों को टैबलेट के नाम पर टेबलेट दिया। इतना नहीं पहले तो हवाई चप्पल वालों हवाई जहाज में उड़ने का सपना दिखाया और बाद में उन्हीं हवाई अड्ड़ों को बेंच दिया जिनसे उन्हें हवाई सफर करना था।

# गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत प्रथम चक्र में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा0 गेहूँ का निःशुल्क वितरण

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि माह–नवम्बर, 2021 में सम्पन्न होने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत प्रथम चक्र में 03 नवम्बर 2021 से 15 नवम्बर 2021 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा0 गेहूँ का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त 04 नवम्बर 2021 को दीपावली पर्व होने के दृष्टिगत केवल अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर, 2021 के सापेक्ष कुल 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्डधारक रू0–18 किग्रा0 की दर से वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा। उपरोक्त के क्रम में जनपद–जौनपुर के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि 03 नवम्बर 2021 से 15 नवम्बर 2021 तक आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जायेगा। उक्त योजना के अन्तर्गत अंतिम वितरण तिथि 15 नवम्बर 2021 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से (मात्र एक दिन) खाद्यान्न प्राप्त न करने वाले उपभेक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम वितरण सम्पन्न कराया जायेगा। कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत उचित दर विक्रेताओं द्वारा आवश्यक वस्तुओं के खाद्यान्न वितरण का समय प्रातः काल 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक किया जायेगा। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशों का पालन कराते हुए नियमानुसार समस्त कार्डो पर 05 किग्रा0 गेहूँ यूनिट निःशुल्क एवं अन्त्योदय कार्डो पर 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रू0 18 प्रति किग्रा0 की दर से पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में निःशुल्क गेहूँ के वितरण की सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये। दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए 03 नवम्बर, 2021 को युद्धस्तर पर अधिक से अधिक कार्डधारकों को वितरण कार्य सुनिश्चित किया जायेगा।

# राम नगरी अयोध्या में इस बार और भव्यता से मनेगा पाँचवा दीपोत्सव — मंडलायुक्त अयोध्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दीपोत्सव 2021 को पूरे गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाया जायेगा।यह बाते मण्डलायुक्त अयोध्या मंडल के एमपी अग्रवाल ने बतायी।उन्होंने बताया कि जिससे दीपोत्सव की छटा एवं कार्यक्रम को देखने वाले लोग सदियों तक याद रखेंगे। वही दीपोत्सव में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया है।यह दावा नवागत आईजी जोन के0पी0 सिंह ने किया।इस मौके पर जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा कि इस बार भी गत वर्ष की भांति दीपोत्सव में लेजर शो, होलोग्राफी व मैपिंग शो होंगे आकर्षण का केन्द्र रहेगा।वही 2 नवम्बर को शोभा यात्रा के लिए निकाली जाने वाली झांकी, लेजर शो आदि का रिहर्सल होगा।जबकि 3 नवम्बर को सभी कार्यक्रम समय से आयोजित कराये जायेंगे।वही दीपोत्सव में सुरक्षा को लेकर सभी पुलिस अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेट को एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ब्रीफ किया जायेगा।। नवम्बर को गुप्तारघाट में रामायण कांन्क्लेव का समापन होगा,2 नवम्बर को टूर एण्ड टैवेल का भ्रमण होगा। वही मण्डलायुक्त एमपी अगवाल ने अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारी बैठक में कहा कि पूरे कार्यक्रम के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजनों के कार्यो को प्रत्येक दशा में 30 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाय।ताकि उनका रिव्यू–रिहर्सल, डेमो आवश्यकतानुसार 31 अक्टूबर को कराया जा सकें। उन्होंने आगे कहा कि गरिमामय तरीके से हर आयोजन को पूरा कराने का दायित्व उस स्थल पर तैनात जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उनके साथ लगी पूरी टीम की होगी। कार्यस्थल पर तैनात वरिष्ठ अधिकारी अपनी–अपनी टीम के साथ यह भली भांति जान लें कि उक्त स्थल पर मिनट टू मिनट क्या कार्यक्रम होना है, क्या व्यवस्था की जानी है।मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों को किस तरह से लाना है उनके बैठने की व्यवस्था क्या है।एक स्थल से दूसरे कार्यक्रम स्थल तक मुख्य अतिथि को किस मार्ग से ले जाना है।वहां कौन कैसे नियंत्रित किया जायेगा इन सभी का पूर्वाभ्यास कर लें और टीम के हर बिन्दु से अवगत करा दें। मण्डलायुक्त एम पी अग्रवाल ने कहा कि पवित्र



अयोध्या नगरी की एक अपनी गरिमा है और इस गरिमा को बनाये रखना हर अयोध्यावासियों, पूज्य साधु संतों, महात्माओं का प्रथम दायित्व है। उन्होंने सभी से इस गरिमा को बनाये रखने में सहयोग की अपील की है।इसी के साथ आयुक्त ने भगवान श्री राम, माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण सहित हर स्वरूप के चयन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त के साथ भगवान श्री राम, माता सीता, अनुज लक्ष्मण के पुष्पक विमान से अयोध्या नये घाट पर स्थित हैलीपैड पर आगमन के अवसर पर उनके स्वागत के साथ रामकथा पार्क में आयोजित कार्यक्रमो की बिन्दुवार समीक्षा की, मंच व्यवस्था, मंच के पीछे एलईडी स्क्रीन, मंच पर कौन–कौन विशिष्ट व्यक्ति, साधु–संतो के बैठने की जानकारी, मंच के सामने विशिष्ट व्यक्तियो, पूज्य साधु संतो व जनमानस के बैठने की व्यवस्था, लाइट एण्ड साउण्ड, पत्रकारो के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था आदि की जानकारी के साथ रामकथा पार्क से सरयू आरती स्थल तक मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियो को ले जाने व लाने एवं रामकी पैड़ी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो के लिए की जाने वाली व्यवस्था को रिव्यू किया। राम की पैड़ी पर गिनीज बुक में 7 लाख 50 हजार दिये जलाने हेतु स्थल का चिन्हांकन, लेजर शो, सहित अन्य कार्यक्रमो,12000 वलिन्टियर्स को ले जाने की व्यवस्था सहित इलेक्ट्रानिक आतिशबाजी आदि की समीक्षा की।इस बैठक में आयुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर इस बार ऐसी दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित कराये जिसे सदियो तक याद रखा जाये।उन्होंने सभी साधु संतो पत्रकार बन्धुओ, व जनसामान्य से सहयोग की अपील की है।इस बैठक में आईजी जोन के पी सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय,अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित दीपोत्सव से जुड़े विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्था के प्रभारी उपस्थित थे।

# युवती की हत्या में सुराग तलाशने को हुआ क्राइम सीन री–क्रिएट

अलीगढ़ ब्यूरो : अकराबाद क्षेत्र में अनुसूचित युवती की हत्या का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। इसके लिए पुलिस एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस के बुलावे पर आगरा विधि विज्ञान प्रयोगशाला के फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम घटनास्थल पर पहुंची और क्राइम सीन री–क्रिएट कर तथ्यों को समेटने का प्रयास किया। हालांकि परिवार ने इस टीम के सवालों पर भी कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। अब यह टीम करीब एक पखवाड़े में अपनी रिपोर्ट देगी। पिछले माह हुई युवती की हत्या के मामले में पुलिस को कोई ऐसा ठोस सुराग नहीं मिल रहा, जिससे आरोपी के गिरेबां तक पहुंचा जा सके। इधर परिवार लगातार दबाव बना रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने क्राइम सीन री–क्रिएट कर तथ्य समेटकर अपनी राय देने के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम बुलाई। आगरा से आई पांच सदस्यीय इस टीम ने करीब तीन घंटे तक घटनास्थल, युवती के घर व आसपास के इलाके में तथ्य जुटाए। इस दौरान घटनास्थल पर पुतला डालकर देखा, परिवार से बात की। घर में भी स्थितियों को देखा। मगर परिवार ने ज्यादा बात करने के बजाय जवाब दिया कि गांव में भी तो लोगों से पूछ लो। ग्रामीणों से भी टीम ने बात की। अब यह टीम एक पखवाड़े में अपनी रिपोर्ट देगी। इस दौरान विवेचक सीओ बरला सुमन कनौजिया मौजूद रहीं। बता दें कि इस मामले में परिवार ने आंबेडकर पार्क में धरना तक दिया था। पोस्टमार्टम पर लखनऊ से मिली एक्सपर्ट राय। इस मामले में विवेचक ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट व घटना के फोटो राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ भी भेजे थे। वहां से एक्सपर्ट राय मांगी गई थी। वहां से राय मिल गई है, जिसमें इस घटना में मुंह दबाकर हत्या करने, विरोध में युवती द्वारा बचाव किए जाने और इसी बचाव में चोट आने का उल्लेख किया है। मतलब अलीगढ़ में पुलिस व पोस्टमार्टम टीम



ने जो पाया था। उस पर लखनऊ के एक्सपर्ट ने अपनी मुहर लगाई है। परिवार से नारको पर मांगी लिखित असहमति। इस मामले में पुलिस ने परिवार के पांच संदिग्ध गवाहों का नारको कराना तय किया था। जिस पर न्यायालय ने अनुमति भी दे दी। मगर परिवार के पांचों सदस्य इसके विरोध में थे। अब मंगलवार को परिवार के पांचों सदस्यों ने मौखिक रूप से सीओ से अपना नारको न कराने की बात कह दी है। कहा है कि पुलिस बिना नारको के ही इस घटना का खुलासा करे। सीओ ने उन्हें एक–दो दिन का समय दिया है कि अगर वे नारको कराना चाहते हैं तो या नहीं चाहते हैं तो लिखित में सशपथ अपनी सहमति या असहमति दें। इसके बाद अधिकारियों व न्यायालय के निर्देश पर निर्णय लिया जाएगा। आगरा से आई फॉरेंसिक टीम ने क्राइम सीन री–क्रिएट कर तथ्य संकलन का प्रयास किया है। वह जल्द अपनी रिपोर्ट देगी। लखनऊ से भी राय मिल गई है। परिवार ने साफ कहा है कि वह नारको पर अपनी सहमति या असहमति लिखित में दे। इसके बाद आगे निर्णय लिया जाएगा। — सुमन कनौजिया, सीओ बरला

## पीडीए बनाएगा ऐसी सड़क, जहां से गुजरने के लिए मचलेगा दिल

प्रयागराज ब्यूरो : पीडीए ने सिविल लाइंस में एमजी मार्ग पार्ट थ्री योजना पर काम शुरू कर दिया है। संशोधित ब्लू प्रिंट के मुताबिक पत्थर गिरजाघर से हाईकोर्ट चौराहे तक की सड़क मॉडल के तौर पर विकसित की जाएगी। सड़क के दोनों किनारों की सर्विस लेन पर पार्किंग, पाथवे फुटपाथ पर आकर्षक बेंच लगाई जाएंगी। साथ ही रोड साइड डेकोरेटिव हेरिटेज लाइट भी लगेंगी। पीडीए की योजना के मुताबिक कुंभ के पहले से इस सड़क का कायाकल्प प्रस्तावित था, जो विभिन्न कारणों से बार–बार टलता रहा। साल भर पहले काम शुरू हुआ तो न्यायविद् हनुमान मंदिर हटाने का विवाद गहरा गया। तब से काम रुका था। अब अफसरों ने पत्थर गिरजाघर से हाईकोर्ट चौराहे तक ही सड़क को संवारने का संशोधित प्रस्ताव तैयार कराया। इस पर काम शुरू करा दिया गया है। अफसरों के मुताबिक इस सड़क के सुंदरीकरण पर करीब तीन करोड़ का खर्च प्रस्तावित है। मार्ग पर एलईडी लाइट लगाने के अलावा फुटपाथ और पाथवे पर रंगीन टाइल्स और ग्रीनरी की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। जलनिकासी की व्यवस्था के लिए नया अंडरग्राउंड नाला बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि कार्यदायी संस्था को यह काम पूरा करने के लिए नौ माह का समय दिया गया है, लेकिन कायाकल्प योजना छह महीने के भीतर पूरी कर ली जाएगी। हाईकोर्ट के पास बनेगा नया चौराहा, बिना रुके गुजरेंगे वाहन। हाईकोर्ट के निकट स्थित न्यायविद् हनुमान मंदिर के सामने नया चौराहा बनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। यह काम आम सहमति के आधार पर किया जाएगा। प्रस्ताव है कि न्यायविद हनुमान मंदिर का गर्भगृह यथावत रहेगा। आंबेडकर प्रतिमा स्थल से इतर नया चौराहा बनाया जाएगा। इस चौराहे से छह सड़कों को इस तरह से जोड़ा जाएगा, जिससे वाहन बिना बाधा निकल जाएं। इस योजना में एमजी मार्ग पार्ट के साथ हाईकोर्ट की निर्माणाधीन पार्किंग की अहम भूमिका होगी। वहीं हनुमान मंदिर हटाने का विरोध कर रहे मोर्चा और अधिवक्ताओं से बातचीत का दौर जारी है। अब तक की बैठकों में हुई वार्ता के आधार पर पीडीए ने न्यायविद् हनुमान मंदिर के गर्भ गृह को न हटाने का फैसला लिया है। इस कार्य के लिए आम सहमति के बाद नए सिरे से कार्ययोजना बनाई जाएगी।

## भाजपा सरकार में आम जनता का जीना भी हुआ दूभर इस सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से हो चुकी ध्वस्त–तेजनारयण

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : भाजपा सरकार में आम जनता का जीना भी हुआ दूभर इस सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुकी है अपराधियों का मनोबल बड़ा है उक्त बातें पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने ग्रामसभा मड़ना में स्व० रामू राजभर की हत्या पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहीं श्री पांडे , आज उनके परिवार से मिलकर आर्थिक मदद किया तथा उनके न्याय की लड़ाई में समाजवादी पार्टी परिवार उनके साथ है । श्री पांडेय ने कहा कि प्रशासन से हमारी माँग है दोषियों को पकड़कर उनपर सख्त से सख्त कार्यवाही करे तथा परिवार को बीस लाख की आर्थिक सहायता मुहैया कराकर मदद करें । श्री पांडे ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार से आम जनता का विश्वास उठ चुका है इस सरकार में नौजवान किसान महिलाएं कोई भी सुरक्षित नहीं है श्री पांडे ने कहा आने वाले 2022 विधानसभा चुनाव में प्रदेश की आम जनता अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बना कर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम करेगी । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने ग्राम सभा मडना निवासी स्व0 रामू राजभर की हत्या पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवार को आर्थिक मदद भी किया । इस अवसर पर शम्भूनाथ सिंह दीपू , शिव बरन यादव पप्पू , तरजीत गौड़, ब्रजेन्द्र यादव, राजवंत सिंह बाबा, राम रूप राजभर, सुखराम राजभर, राहुल राजभर, रामफूल राजभर, छोटे लाल राजभर ,शिव प्रसाद राजभर,अमरजीत राजभर, जगदीश राजभर उपस्थित रहे।

# रावण के अशोक वाटिका से माता सीता की निशानी लेकर अयोध्या पहुंचेंगे श्रीलंका सरकार के दो मंत्री

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : श्रीलंका के राजदूत, उप राजदूत और दो मंत्री 28 अक्टूबर को त्रेता युग में जिस स्थल पर रावण ने माता सीता को हरण के बाद जिस अशोक वाटिका में रखा था वहां कि शिलाएं लेकर गुरुवार को अयोध्या पहुंचेंगे। अशोक वाटिका की शिलाएं रामलला को समर्पित करने के साथ ही श्रीलंका के राजदूत, उप राजदूत और दो मंत्री रामलला का दर्शन और आरती करेंगेघ। श्रीलंका के राजदूत, उप राजदूत और दो मंत्री दोपहर 11:00 बजे राम जन्मभूमि परिसर में भगवान राम को श्रीलंका स्थित अशोक वाटिका की शिलाएं समर्पित करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य राजा अयोध्या की आवास राज सदन में श्रीलंका के राजदूतों और श्रीलंका सरकार के मंत्रियों का का स्वागत होगा। बताते चलें कि भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है, जिसके लिए बुनियाद भरी जा चुकी है और ऊपर मंदिर के बेस का निर्माण किया जा रहा है. ऐसे में श्रीलंका के दो राजदूत और मंत्री माता सीता हरण के बाद श्रीलंका में जिस स्थल पर रावण ने उन्हें रखा था उस अशोक वाटिका की शिलाएं लेकर अयोध्या पहुंचेंगे. ये शिलाएं रामलला को समर्पित की जाएंगी. हालांकि अभी ट्रस्ट ने इस बात को स्पष्ट नहीं किया है कि शिलाओं का इस्तेमाल कहां होगा, लेकिन श्रीलंका से अयोध्या के आध्यात्मिक जुड़ाव जरूर होगा, क्योंकि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सीता हरण के दौरान रावण ने माता सीता को अशोक वाटिका में रखा था और उसी अशोक वाटिका के पत्थरों को लेकर श्रीलंका के राजदूत अयोध्या पहुंचेंगे। श्रीलंका के राजदूतों का स्वागत सत्कार भी ट्रस्ट के द्वारा किया जा रहा है और राजा अयोध्या के आवास पर उनका दोपहर में भोजन तथा स्वागत है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि श्रीलंका के भारत में निवास करने वाले राजदूत और उप राजदूत और श्रीलंका सरकार के दो मंत्री अयोध्या पधार रहे हैं. श्रीलंका स्थित अशोक वाटिका में जहां माता सीता रहीं उस मंदिर क्षेत्र की शिलाएं लेकर आ रहे हैं. यह शिलायें लंका समाज का प्रतिनिधित्व करेगी. श्रीलंका समाज की भावनाओं का प्रस्तुतीकरण होगा. सभी मेहमान 28 अक्टूबर को अयोध्या पहुंचेंगे और 11:00 बजे राम जन्मभूमि जाएंगे। भगवान रामलला का दर्शन, शिलाओं का समर्पण और रामलला की आरती करेंगे। दोपहर 12:00 बजे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्रा के आवास पर राजदूत और श्रीलंका सरकार के दोनों मंत्री भोजन करेंगे तथा यहीं पर पत्रकार वार्ता भी करेंगे. 1:30 पर राजदूत, उप राजदूत और श्रीलंका सरकार के दोनों मंत्री लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

# गुंडे माफियाओं के सहयोग से हुई रैली, ओमप्रकाश ने किया राजभर समाज का अपमान : अनिल राजभर

मऊ ब्यूरो : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के मंच पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ हुई महापंचायत रैली पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक रैली नहीं बल्कि गुंडे माफियाओं के शक्ति प्रदर्शन का कार्यक्रम था। इस मंच के माध्यम से राष्ट्रवीर राजा सुहेलदेव के वंशजों को अपमानित करने का कार्य किया गया। राष्ट्र समाज के लिए अपनी जान की बाजी लगा देने वाले राष्ट्रवीरों को शराबी व नशेड़ी कहा गया। इसका जवाब राजभर समाज जल्दी ही देगा। मऊ जिले में गुरुवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में अनिल राजभर ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर द्वारा मऊ जिले के हलधरपुर में पार्टी के 19वें स्थापना दिवस पर महापंचायत नाम से एक रैली आयोजित की गई। जिसमें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी मौजूद रहे। दोनों सुभासपा व सपा अध्यक्षों की उपस्थिति में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के गठबंधन की भी घोषणा की गई थी। अनिल राजभर ने कहा कि सुभासपा की महापंचायत गुंडे माफियाओं के सहयोग से व सपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम रहा। जिसमें राजभर समाज के नाम पर नकली लोग जुटे हुए थे। जिनका सुहेलदेव सम्राट के वंश से कोई संबंध नहीं था। समाजवादी पार्टी पर कड़ा प्रहार करते हुए अनिल राजभर ने कहा कि सैयद सलार मसूद की पूजा करने वाले मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव कभी चक्रवर्ती सम्राट सुहेलदेव को सम्मान देना तक गवारा नहीं समझे हैं। इनके द्वारा कभी समाज के हित में सोचा नहीं जा सकता। उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों के माध्यम से एक सवाल खड़ा किया कि ओमप्रकाश राजभर जिस सामाजिक न्याय समिति की लड़ाई का दावा करते हैं, क्या समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय समिति का समर्थन करेगी? केवल परिवारवाद की राजनीति करने वाले समाजवादी पार्टी के मुखिया ने 2017 विधानसभा से लगाए 2019 लोकसभा चुनाव तक एक भी राजभर को टिकट नहीं दिया। जबकि आज चुनाव आता देख नकली समाजवादी का चोला पहनकर राजभर हित की बात कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी गुंडे माफियाओं की पोषक रही है। यह सदैव से गुंडे माफियाओं के हित की बात करती है। राजभर सम्मेलन के माध्यम से लिया जाएगा अपमान का बदला। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने जानकारी देते हुए बताया कि नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में मऊ में ही राजभर समाज का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित कर ओमप्रकाश राजभर उर्फ असलम राजभर के कुकृतियों का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहाकि जिस तरह से ओमप्रकाश के मंच पर राजभर समाज अपमानित करने का कार्य किया गया है। उसका बदला राजभर समाज बदला अवश्य लेगा।



# दीपावली और छठ पर रोडवेज देगा यात्रियों को राहत : कल से चलेगी आनंद विहार–भागलपुर विशेष ट्रेन

वाराणसी ब्यूरो : दीपावली और छठ पर यात्रियों के दबाव को देखते हुए रोडवेज ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। हर साल छठ और दीपावली पर रोडवेज पर अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने रोडवेज कर्मचारियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया है। दो से 11 नवंबर तक कर्मचारियों को कोई अवकाश नहीं दिया जाएगा। लखनऊ मुख्यालय से बुधवार को क्षेत्रीय प्रबंधक के पास आदेश भी पहुंच गया। बनारस रोडवेज पर दीपावली और छठ के दौरान सबसे अधिक दबाव रहता है। बनारस से गाजीपुर, इलाहाबाद, मऊ, गोरखपुर, जौनपुर, शाहगंज, लखनऊ, बरेली, बलिया, भदोही, मिर्जापुर, चंदौली के लिए बसों का संचालन किया जाता है। ट्रेनों का संचालन कम होने के कारण बसों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। निगम की ओर से रोडवेज और कार्यशाला में काम करने वाले कर्मियों की छुट्टी दो से 11 नवंबर तक विशेष प्रभाव से रद्द कर दी गई है। साथ ही चालकों और परिचालकों सहित सभी कर्मियों को इस दौरान काम करने के लिए अतिरिक्त भत्ता दिया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक केके तिवारी ने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों के दबाव को देखते हुए कर्मचारियों की छुट्टियां दो से 11 नवंबर तक निरस्त की गई हैं। कल से चलेगी आनंद विहार–भागलपुर विशेष ट्रेन। दीपावली और छठ पर रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए आनंद विहार और भागलपुर के बीच त्योहार विशेष ट्रेन का संचालन



किया जाएगा। ट्रेन संख्या 01694 आनंद विहार टर्मिनल–भागलपुर शुक्रवार से आनंद विहार से दोपहर दो बजे चलेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 01693 भागलपुर–आनंद विहार टर्मिनल 30 अक्तूबर शाम छह बजे भागलपुर से चलेगी। यह ट्रेन मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, वाराणसी कैंट, दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए बक्सर के रास्ते सुल्तानगंज पहुंचेगी।

# नवागत डीएम से अयोध्या जिले के किसानो को बड़ी उम्मीद

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : न्याय की किसानों की लड़ाई लखनऊ हाई कोर्ट मे लडने वाले अधिवक्ता गरीबों के मसीहा ओंकार नाथ तिवारी ने फेसबुक और ट्विटर से ट्वीट किया की नए डीएम कुछ अलग हटकर किसानों और मकान मालिक दुकानों के फायदे के लिए सोचे और सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट भी पूरे हो श्री राम एयरपोर्ट कुशमाहा में 9 नवंबर को डीएम अयोध्या तलब किए गए हैं और दूसरे केस में 4 साल से जिले का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया है इस पर जवाब मांगा गया है लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ता ओंकार नाथ तिवारी के बारे में बताते चले इन्होंने अयोध्या के किसानों के लिए पैसे को तवज्जो नहीं दिया और संविधान की लड़ाई लड़ते रहे यही कारण है कि अयोध्या के किसान भगवान मानते हैं वहीं दूसरी तरफ अयोध्या के राजनेताओं की बात करें तो चाहे सत्ता पक्ष के लोग हैं या विपक्ष के हो एक नेता को छोड़कर एक भी नेता किसानो की हक की लड़ाई के लिए नहीं खड़ा हुआ और सत्ता पक्ष के लोगों ने जो किया वह तो कहने लायक नहीं है सत्ता के नेताओं का यह हाल है कि 4 साल से सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया इस पर भी नहीं बोल पाए इन्होंने तो किसानों पर ही दबाव बनाना शुरू कर दिया था अयोध्या के लोग नए डीएम से बहुत उम्मीदें लगाए बैठे हैं।

## सी एंड डीएस संस्था द्वारा कराया जायेगा निर्माण, भूमि पूजन सम्पन्न

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : नव सृजित सुचित्तागंज खिरौनी नगर पंचायत को अपना भवन जल्दी ही मिल जायेगा। इसका निर्माण सी एंड डीएस संस्था द्वारा कराया जायेगा। नगर पंचायत के मजरे बिसुहिया के पास सुरक्षित करायी गयी भूमि में भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम मंत्रोचार के साथ गिरजा प्रसाद मिश्रा ने विधि विधान से बुधवार को सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री द्वारा अपने आवास से वर्चुवल शिलान्यास किए जाने के बाद आबंटित भूमि पर स्थानीय बिधायक शोभासिंह की मौजूदगी में अपर जिला अधिकारी संतोष कुमार सिंह उप जिलाधिकारी जयजीत कौर मिश्रा न्यायिक तहसीलदार पल्लवी सिंह अधिशाषी अधिकारी गोसाईगंज आलोक कुमार खिरौनी के रण बिजय सिंह स्थानीय निकाय लव कुमार सिंह आदि के साथ पूरे बिधिा बिधान के साथ भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्य पंडित गिरजा प्रसाद पाण्डेय ने पूरा कराया। लगभग 147. 86 लाख रु के आबंटित राशि से भवन निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू हो जायेगा। मौजूद लोगों में बिधायक प्रतिनिधि डॉ0 अमित सिंह भाजपा के नेता मिंटू सिंह सत्यनाम सिंह सहित संतोष गुप्ता अशोक सिंह राहुल रमेश यादव सहित चेयर मैन पद की दावेदारी कर रहे दर्जन भर लोग मौजूद रहे।

## आधी अधूरी तैयारियों के बीच मिल्कीपुर तहसील में शुरू होगी धान की खरीद

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय कुमार तिवारी : तहसील क्षेत्र में 1 नवंबर से धान की सरकारी खरीद शुरू की जाएगी इसके लिए तहसील क्षेत्र में इस बार 13 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। सबसे अधिक धान क्रयकेंद्रअमानीगंज विकासखंड में बनाए गए हैं जहां पीसी एफके अमानीगंज और रौतावां क्रय केंद्र पर धान की खरीद होगी वही विपणन शाखा द्वारा मार्केटिंग विभाग से अमानीगंज के नाम से खंडासा में क्रय केंद्र की स्थापना की गई है इसके अलावा पी सी यू संस्था द्वारा अमानीगंज के साधन सहकारी समिति बोडपुर साधन सहकारी समिति जगदीशपुर साधन सहकारी समिति बघौडा और साधन सहकारी समिति देवगांव में धान खरीद केन्द्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार मिल्कीपुर विकासखंड में साधन सहकारी समिति अलीपुर खजूरी और साधन सहकारी समिति मिल्कीपुर के अलावां विपणन शाखा द्वारा मिल्कीपुर के नाम से क्रय केंद्र की स्थापना की गई है जबकि हरैग्टनगंज, विकासखंड में साधन सहकारी समिति सेमरा और साधन सहकारी समिति रजौरा में धान क्रय केंद्र की स्थापना के साथ विपणन शाखा का भी एक केंद्र हरैग्टीनगंज के नाम से बनाया गया है मिल्कीपुर के हैरिंग्टनगंज विकासखंड में पहले संचालित साधन सहकारी समिति घुरहटा और साधन सहकारी समिति मलेथू बुजुर्ग क्रय केंद्रों को बंद कर दिया गया है जबकि यह पुराने केंद्र बताए जा रहे हैं धान क्रय केंद्र पर उपलब्ध संसाधनों का अब तक कोई अता पता नहीं है और आधी अधूरी तैयारियों के बीच सरकार धान की खरीद करने की तैयारी कर रही है इस बार रिकार्ड धान खरीदने के लिए एक और जहां सरकार ने अमानीगंज विकासखंड में सर्वाधिक क्रय केंद्रों की स्थापना की है वहीं मिल्कीपुर और हैरिंग्टनगंज में पहले से संचालित केंद्रों को बंद कर दिया गया है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि राइस मिल एसोसिएशन के लोग एग्रीमेंट करने को तैयार नहीं है राइसमिल की हड़ताल के कारण धान क्रय केंद्र 1 नवंबर से शुरू होंगे इस पर संदेह है राइस मिलर का कहना है कि धान की कुटाई का रेट बढ़ाया जाए तथा रिकवरी रेट को सरकार 60: से नीचे लाएं मिल मालिकों का कहना है कि इस बार अतिवृष्टि के कारण धान की फसल बर्बाद हो गई है और उसमें रिकवरी रेट कम आने की संभावना है इस मामले में जिला प्रशासन और मिल मालिकों के बीच बैठकों का दौर जारी है लेकिन अब तक कोई भी संतोषजनक फैसला नहीं निकल सका है देखना होगा कि सरकार आने वाले समय में धान क्रय केंद्रों का संचालन कैसे करती है जबकि धान क्रय केंद्रों पर अब तक बोरी व नमी मापक यंत्र को नहीं पहुंचाया जा सका है तमाम धान क्रय केंद्रों पर अत्यधिक नमी होने के कारण वहां पर वाहनों का आना–जाना भी संभव नहीं है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।